दिनांकः 11.06.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल्याण केन्द्रित विकास के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता जताई।
- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने रेल मंत्रालय की छह हजार चार सौ करोड़ रुपये से अधिक की दो परियोजनाओं को मंजूरी दी।
- जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने दौसा, करौली और धौलपुर जिलों की विभिन्न जल परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।
- राज्य में भीषण गर्मी और लू के हालात–उत्तरी–पश्चिमी हिस्सों में तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी की संभावना।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल्याण केन्द्रित विकास के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता जताई। इससे विभिन्न जन–हितैषी योजनाएं प्रत्येक नागरिकों तक पहुंचेंगी। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के आंकड़ों के अनुसार, भारत का सामाजिक सुरक्षा कवरेज 2015 में 19 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 64 दशमलव 3 प्रतिशत हो गया है। श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया द्वारा साझा की गई एक सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री मोदी ने इन पहलों की प्रभावशीलता और पहुंच में सराहनीय वृद्धि की प्रशंसा की।

000

केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी की ओर से कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। प्रदेश में भी विभिन्न मंत्री संकल्प से सिद्धी तक कार्यक्रम के तहत प्रेस कॉन्फ्रेन्स कर केन्द्र सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दे रहे हैं। इसी कड़ी में आज केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा जोधपुर में मीडिया से रूबरू हुए। श्री शेखावत ने कहा कि प्रदेश के किसान भी प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से फायदा उठा रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने अलवर में प्रेस वार्ता कर केन्द्र सरकार की योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने संकल्स से सिद्धी के लक्ष्य को हासिल किया है। पिछले 11 वर्षों में देश के हर वर्ग के लोगों के जीवन स्तर में सुधार आया है।

पार्टी प्रदेश प्रभारी डॉ. राधा मोहनदास अग्रवाल ने कोटा में कहा कि मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से देश में लगभग 17 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं।

............

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने पाली में संकल्प से सिद्धी तक विषय पर आयोजित कार्यशाला में शिरकत की। इस दौरान सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी भी लगाई गई। उद्योग और वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन राठौड़ ने बीकानेर में प्रेस वार्ता की।

000

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रेल मंत्रालय की छह हजार चार सौ करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली दो परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं में कोडरमा–बरकाकाना और बेल्लारी–चिकजाजुर रेल लाईन का दोहरीकरण शामिल हैं। आज नई दिल्ली में केन्द्रीय मंत्रिमंडल बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि 133 किलोमीटर लम्बी कोडरमा–बरकाकाना दोहरीकरण परियोजना से 938 गांवों के 15 लाख से अधिक लोगों को बेहतर पहुंच मिलेगी। श्री वैष्णव ने बताया कि परियोजना का यह हिस्सा झारखंड के एक प्रमुख कोयला उत्पादक क्षेत्र से होकर गुजरेगा।

............

झारखंड, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के सात जिलों में ये दो परियोजनाएं रेलवे के वर्तमान नेटवर्क को लगभग 318 किलोमीटर तक और बढ़ाएंगी। इन परियोजनाओं से गतिशीलता में उल्लेखनीय बढोतरी होगी।

000

बूंदी के कछालिया गांव में स्टोन पार्क बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इसके लिए रीको को करीब 47 हैक्टेयर भूमि आवंटित करने की मंजूरी दे दी है। इस वर्ष के बजट में स्टोन पार्क बनाए जाने की घोषणा की गई थी। स्टोन पार्क के बनने से क्षेत्र में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने राम जल सेतु लिंक परियोजना के लिए वन विभाग को भूमि आवंटन की स्वीकृति दे दी है। इसके लिए बारां जिले की छबड़ा तहसील में लगभग 35 हेक्टेयर भूमि वन विभाग को आंवटित करने की मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री ने रामगढ़ और महलपुर बैराज तथा नवनेरा–गलवा–बीसलपुर–ईसरदा लिंक परियोजना के तहत बैराज निर्माण के कार्य से प्रभावित वन भूमि की क्षतिपूर्ति के लिए वन विभाग को भूमि आंवटन के इस प्रस्ताव का अनुमोदन किया है।

000

जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने आज दौसा, करौली और धौलपुर की विभिन्न जल परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। श्री रावत ने लालसोट में मोरेल नदी पर बनाए गए समेल एनिकट का लोकार्पण किया। जल संसाधन मंत्री ने करौली में पांचना बांध के पुर्नवास और सुधार कार्य सहित अन्य एनीकट निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। 'वंदे गंगा' जल संरक्षण–जन अभियान के तहत ये परियोजनाएं शुरू की गई हैं।

इससे किसानों और आमजन को पर्याप्त पानी मिल सकेगा। इस अवसर पर श्री रावत ने लोगों से वर्षा जल को संग्रहित करने की अपील की।

000

प्रदेशभर में आज वन विभाग की ओर से वन्यजीवों की गिनती की जा रही है। वॉटर होल पद्धति से की जा रही ये गणना आज सुबह आठ बजे से शुरू हुई, जो कल सुबह आठ बजे तक जारी रहेगी। वन्यजीवों को उनके प्राकृतिक जल स्त्रोतों पर आने–जाने के आधार पर गिना जा रहा है। जयपुर प्रादेशिक रेंज पर करीब 53 वॉटर प्वाइंट पर ये गिनती की जा रही है। इनमें झालाना और आमागढ़ लेपर्ड रिजर्व तथा झालाना वन क्षेत्र शामिल हैं। झुंझुनूं जिले के नौ वन क्षेत्रों में 40 जगहों पर वन्यजीवों की गणना की जा रही है। कोटपूतली–बहरोड में इसके लिए 11 प्वाइंट बनाए गए हैं। वन अधिकारी सतपाल ढिलन ने बताया कि हर एक प्वाइंट पर दो–दो वनकर्मी तैनात किये गये हैं।

............

000

सवाईमाधोपुर के रणथम्भौर दुर्ग में हाल ही में एक बुजुर्ग पर हमला कर मारने वाले संदिग्ध बाघ को करौली स्थित एन्क्लोजर में शिफ्ट कर दिया गया है। उपवन संरक्षक रामानंद भाकर ने बताया कि राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की गाइडलाइन के तहत कल रात टी–84 बाघिन के युवा नर शावक टी–2509 को ट्रेंकुलाइज किया गया। इसके बाद उसका पूरा परीक्षण करने के बाद रणथम्भौर बाघ परियोजना के करौली स्थित एल्क्लोजर में छोड़ा गया है। पशु चिकित्सकों की टीम इस पर लगातार निगरानी रखे हुए है।

000

21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर प्रदेश में भी विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए लोगों को योग से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। आज पाली के मिल क्षेत्र में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में लोगों को योग के विभिन्न स्वरूपों का प्रशिक्षण दिया गया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में आकाशवाणी जयपुर के क्षेत्रीय समाचार एकांश की ओर से संदेश श्रृंखला चलाई जा रही है। इसमें आज सुनिये जयपुर की योग प्रशिक्षक अनामिका कोठारी के विचार। इनका कहना है कि योग करने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है।

............

000

राज्य में भीषण गर्मी और लू के हालात बने हुए हैं। ज्यादातर स्थानों पर दिन का तापमान 44 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। तेज गर्मी और लू से जनजीवन पर खासा असर पड़ रहा है। लोग गर्मी से राहत पाने के लिए विभिन्न उपाय करते नजर आ रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के उत्तरी और पश्चिमी हिस्सों में अगले 48 घंटों के दौरान तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की और बढ़ोतरी होने की संभावना है। इसके साथ ही बीकानेर संभाग के श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ में 13 जून तक अधिकतम तापमान 47 से 48 डिग्री सेल्सियस रहने तथा भीषण लू का दौर जारी रहने की आशंका है। जोधपुर, जयपुर, भरतपुर और कोटा संभाग में भी अगले तीन दिन अधिकतम तापमान 44 से 47 डिग्री रह सकता है।

000

पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेश पायलट की आज 25वीं पुण्यतिथि है। इस अवसर पर दौसा में राष्ट्रीय राजमार्ग 21 पर स्थित जीरोता–भंडाना स्मारक पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। सभा में राजेश पायलट की पत्नी और पूर्व सांसद रमा पायलट, उनके पुत्र और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट मौजूद रहे। पूर्व मुख्यमंत्री मख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, सांसद, विधायक और कार्यकर्ता शामिल हुए।

000

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक रवि प्रकाश मेहरड़ा ने आज राज्य के पुलिस महानिदेशक का अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इसके बाद उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून–व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने तथा अपराध नियंत्रण के लिए राजस्थान पुलिस पूरी निष्ठा से काम करती रहेगी। श्री मेहरड़ा ने लोगों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता दोहराई। वरिष्ठ आईपीएस उत्कल रंजन साहू ने उन्हें कार्यभार सौंपा। अपने विदाई भाषण में श्री साहू ने कहा कि राजस्थान पुलिस की राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा है और इसे बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मियों को सतर्कता, संयम और संवेदनशीलता के साथ काम करना होगा।

000